मैया पल्ला तेरा पकड़ा

मैया पल्ला तेरा पकड़ा है छुड़ईये़ा मत होना,
छुड़ईये़ा मत होना, छुड़ईये़ा मत होना,
मैया पल्ला तेरा पकड़ा है छुड़ईये़ा मत होना....

टीका लाई कुंडल लाई हार भी लाई साथ में,
मैया हार पहन के वापिस जइयो मत ना,
मैया पल्ला तेरा पकड़ा.....

पाउडर लाई क्रीम लाई बिंदिया लाई साथ में,
मैया बिंदिया सजा कर वापिस जइयो मत ना,
मैया पल्ला तेरा पकड़ा.....

कंगना लाई चूड़ियां लाई मेहंदी लाई साथ में,
मैया मेहंदी लगाकर वापस जइयो मत ना,
मैया पल्ला तेरा पकड़ा.....

लहंगा लाई साड़ी लाई चुनरी लाई साथ में,
मैया चुनरी ओढ़ के वापस जइयो मत ना,
मैया पल्ला तेरा पकड़ा.....

पायल लाई बिछुआ लाई महावर लाई साथ में,
भैया महावर लगाकर वापस जइयो मत ना,
मैया पल्ला तेरा पकड़ा....

हलवा लाई पूरी लाई छोले लाई साथ में,
मैया भोग लगा कर वापिस जइयो मत ना,
मैया पल्ला तेरा पकड़ा.....

चौकी सजाई भवन बनाया कीर्तन किया साथ में,
मैया दरस दिखा कर वापस जइयो मत ना,
मैया पल्ला तेरा पकड़ा.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27340/title/mayia-palla-tera-pakda

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |